मुंबई में रिलायंस, टाटा व बिरला समूह के प्रमुखों से मुलाकात करेगी टीम योगी

- मुख्यमंत्री से मिले औद्योगिक विकास मंत्री नंदी, घरेलू रोड शो की दी जानकारी
- पांच से 27 जनवरी तक देश के नौ शहरों में होंगे रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : शीर्ष भारतीय औद्योगिक घरानों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने का सिलसिला पांच जनवरी को मुंबई के रोड शो से शुरू होगा। मुंबई में होने वाले रोड शो और बैठकों का हिस्सा रिलायंस समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी, आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला, टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, हिंदुजा ग्रुप आफ कंपनीज के चेयरमैन अशोक पी हिन्दुजा, जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल, अडानी पोर्ट्स एंड सेज लिमिटेड के सीईओ करन अडानी भी बनेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नए साल के पहले दिन रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान यह जानकारी साझा की। बता दें कि विदेश के बाद घरेलू निवेशकों को आकर्षित करने लिए पांच से 27 जनवरी के बीच देश के सात शहरों में रोड शो और बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

मंत्री नंदी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान घरेलू रोड शो की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि पांच जनवरी को मुंबई में आयोजित रोड शो की शुरुआत बैंकर्स और फिनटेक प्लेयर्स के साथ सुबह के नाश्ते से होगी। इसके बाद प्रमुख उद्योगपतियों व औद्योगिक घरानों के साथ 20-20 मिनट की अलग-अलग बैठक होगी। इसमें आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पीरामल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के चेयरमैन अजय कुमार पीरामल, टोरेंट पावर के एमडी जीनल मेहता व हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ दर्शन हीरानंदानी शामिल रहेंगे। दोपहर 12 बजे से आयोजित रोड शो के लिए टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, पारले एग्रो के चेयरमैन प्रकाश चौहान और एमडी शाओना चौहान, हिंदुजा ग्रुप आफ कंपनी के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा, जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल, अडानी पोर्ट्स एंड सेज लिमिटेड के सीईओ करन अडानी, वोकचार्ट के चेयरपर्सन हबील एफ खोराकीवाला, इंडियन मर्चेंट चैंबर के अध्यक्ष अनंत सिंघानिया, कोकिलाबेन धीरू भाई अंबानी हास्पिटल के डाक्टर तुषार मोतीवाला, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के सीईओ व एमडी संजीव मेहता के उपस्थिति की सहमति मिल गई है।

यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें